www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार, 5 मई 2026

## सुविचार



मेरे जीवन में कई कठिनाईयां आईं हैं, मगर मेरे होठों को कभी भी उसकी जानकारी नहीं थी क्योंकि वह हमेशा हंसते ही रहते हैं।

- चार्ली चेपलिन

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- बीएससी छात्र कर रहा था अफीम की तस्करी, गिरफ्तार II
- अब 10 साल की किश्तों में ले सकेंगे अटल नगर में फ्लैट III
- 15 वर्षों से लखनऊ में तैनात कुलसचिव को हटाने की मांग IV


## शहर में आज



- यूपी प्रेस क्लब में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की ओर से ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल को भंडारा- 12:00 बजे से।
- नजीराबाद में लखनऊ प्लाजा कॉम्प्लेक्स पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से भंडारा- 12:30 बजे से।
- लेखराज मेट्रो स्टेशन शिव शक्ति शनिदेव में सोमनाथ स्वाभिमान तीर्थयात्रा से लौटी महिलाओं की ओर से भंडारा- 1:00 बजे से।
- उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के नौ वर्ष पूर्ण होने पर ओल्ड हैदराबाद स्थित मुख्यालय पर बैठक- 3:00 बजे से।
- इंदिरा नगर के भूतनाथ मंदिर में बड़े मंगल पर ज्यपाल बिहार के सहयोग से हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबिल ट्रस्ट की ओर से सियाराम की रसोई का भंडारा- 4:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### रिश्वत और लापरवाही पर दो जेई निलबंति

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनी नगर क्षेत्र स्थित गहरू विद्युत उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता विनय कुमार को सोमवार को सस्पेंड कर दिया गया। जेई पर एक ठेकेदार से आठ रो-हाउस वाली विकसित कॉलोनी को बिजली कनेक्शन का काम जल्दी कराने और ऊपर तक मैनेज करने के नाम पर ठेकेदार से 2 लाख रुपये मांगे। थे। वीडियो वायरल होने पर मुख्य अभियंता अमौसी जोन ने तकनीकी अधीक्षण अभियंता की निगरानी में दो सदस्यीय कमेटी से जांच कराई। जिसमें जेई दोषी पाए गए जेई को निलबंति कर वृंदावन अमौसी जोन से अटैच कर दिया गया है। चिनहट के शिवपुरी उपकेंद्र क्षेत्र में बिना एस्टीमेट जमा किए 11,000 बोल्ट की हाईटेंशन लाइन को अनधिकृत रूप से शिफ्ट करने और विभाग को राजस्व की क्षति पहुंचाने पर जेई वरुण पटेल को निलबंति कर अधीक्षण अभियंता वाणिज्य गोमतीनगर में अटैच किया गया है।

### खरीफ फसल से पहले कराएं मृदा परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** खरीफ फसल करने से पहले किसान खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराएं। इससे गुणवत्तायुक्त और अधिक पैदावार होगी। किसान स्वयं नमूने संग्रहित करके जांच करा सकते हैं। परीक्षण से मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी पता चलने पर दूर की जाएगी। सहायक निदेशक मृदा परीक्षण/कल्चर डॉ. मन मोहन लाल ने बताया कि जैसे हमें पोषण के लिए संतुलित आहार की जरूरत होती है वैसे फसलों को होती है। पौधों को मुख्य 16 पोषक तत्वों की जरूरत होती है। इसके लिए फसल करने से पहले खेतों की मिट्टी परीक्षण कराना जरूरी है। मृदा परीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। किसान योजना के तहत मिट्टी का परीक्षण कराएं। प्रक्रिया समझकर स्वयं भी नमूने लेकर प्रयोगशाला में दे सकते हैं। जांच करने के बाद रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा।

# आंधी में दीवारें गिरने से गई दो युवकों की जान

## तारों पर पेड़ गिरने से कई इलाकों में 5 से 12 घंटे तक बिजली रही गुल, सड़कों पर जलभराव होने से प्रभावित रहा यातायात

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में सोमवार सुबह आंधी में पेड़ गिरने से कई जगह खंभे-तार टूटने से कई इलाकों की बिजली गुल हो गई और बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। दो जगह दीवारें गिरने से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि आंधी -बारिश के बाद करीब 11.30 बजे भरतनगर स्थित नाज पैलेस के सामने एक दीवार गिर गई। इसके मलबे में अंकित शर्मा (34) दब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे मलबे से निकालकर ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मूलतः हरदोई के अतरौली निवासी अंकित भरत नगर में रहकर काम करता था। अंकित के दो बच्चे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अंकित मालिक की कार का पंचर बनवाने के लिए मिस्त्री के साथ पहिया खोल रहे थे, इसी दौरान दीवार गिर गई। पंचर मिस्त्री को मामूली चोट आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई जर्जर दीवारें और भवन खड़े हैं, जो आंधी-बारिश के दौरान खतरा बन सकते हैं। इंस्पेक्टर ने कहा कि, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतक अमित यादव।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया कि जेएसवी ह्युंडई वर्कशाप की दीवार गिर गई। उसके मलबे में पास में चाय की दुकान लगाने वाले दो सगे भाई अमित यादव व अमरीश यादव के अलावा मनोज कुमार दब गए। अमित व अमरीश विभूतिखंड के गुलामहुसैन पुरवा और मनोज बाराबंकी के मरकमाऊ का निवासी है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को मलबे से निकालकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। अमरीश और मनोज का इलाज चल रहा है। अमरीश के बाएं कान, कमर और मनोज के दाहिनी आंख के ऊपर हल्की चोट आई है।





गोमती नगर विभूतिखंड में हुंडई सर्विस सेंटर की दीवार गिरने से घायल अंबरीश यादव और आलमबाग स्थित मवइया पुल के पास सड़क पर गिरी डाल के कारण लगा जाम। अमृत विचार

### 30 मिनट में 14.8 मिली बारिश

- सुबह लगभग 8:30 बजे घने बादल छाने से अंधेरा हो गया और आंधी चलने लगी। अंधेरा छा गया और दिन में रात हो गई। लगभग 8:45 बजे गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। आधे घंटे में करीब 14.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश अपने साथ आफत भी लेकर आई। आंधी से शहर के कई इलाकों में पेड़ गिर गए, जिससे जाम लग गया।

### 4.3 डिग्री सेल्सियस लुढ़का तापमान

- बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत भी दी। पारा करीब 4.3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 29 डिग्री के पास पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच 5 डिग्री सेल्सियस का अंतर रह गया। मई में नवंबर की सर्दी का अहसास होने लगा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को भी राजधानी और आस-पास बादल छाए रहेंगे। हवा संग एक से दो बार गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है, जिससे मौसम में ठंडक रहेगी।

### मवैया पुल के पास पेड़ गिरा, लगा जाम

- बारिश शहर के कई इलाकों में आंधी और बारिश से पेड़ गिर गए। मवैया पुल के पास सड़क पर पेड़ गिरने से जाम लग गया। जानकीपुरम सेक्टर जी, छुइया पुरवा चौराहे के पास डिवाइडर और कुर्सी रोड स्थित गुलाचीन मंदिर के पास और महानगर में पेड़ गिर गया। गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। नगर निगम की टीम ने सड़क से पेड़ हटाकर, यातायात चालू कराया।



जानकीपुरम विस्तार में जलभराव के बीच से निकलते कार और साइकिल सवार। अमृत विचार

### उपकेंद्रों पर रिसीव नहीं किए गए फोन

- अमृत विचार, लखनऊ : आंधी में कई इलाकों में पेड़ और डालियां तारों-खंभों पर गिरने के कारण खंभे उखड़ने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कई क्षेत्रों में 5 से 12 घंटे तक आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी। विकासनगर सेक्टर-1 और 2 के बीच मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से 11 केवी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पास में खड़ी एक कार भी नुकसान पहुंचा। अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर के पास भी पेड़ बिजली के तारों पर झूलता रहा। इससे बिजली का पोल टेढ़ा हो गया। यहां कुछ समय बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई, लेकिन कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। अलीगंज सेक्टर क्यू स्थित उस्मान एनक्लेव के सामने सड़क पर पेड़ गिरने से बिजली गुल हो गई। गोमतीनगर, चिनहट, बीकेटी और रहीमाबाद, चिनहट के न्यू गुलिस्ता कॉलोनी में भी आपूर्ति ठप रही। शिवपुरी पावर हाउस के कर्मियों ने उपभोक्तओं का फोन नहीं उठाया। जानकीपुरम और रसूलपुर कायस्थ क्षेत्र में 12 घंटे से अधिक समय बिजली गुल रही। लोगों ने टोल-फ्री नंबर 1912 पर शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हो सका। गोमतीनगर विस्तार, पुरनिया, निरालानगर, गुडंबा, मड़ियांव, आलमबाग, चौक, सहादतगंज, मौलवीगंज, आशियाना, सरोजनीनगर, नादरगंज, दुबग्गा, बीकेटी, इंदिरानगर, खर्रमनगर, चारबाग, हजरतगंज में दो घंटे की सप्लाई बाधित रही। बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आपूर्ति बहाल करने में जुटे हैं।

### आम की फसल को काफी नुकसान

- **अमृत विचार, लखनऊ :** आंधी और बारिश से आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। मलिहाबाद के हिमारपुर क्षेत्र में पेड़ तक उखड़ कर गिर गए हैं। इससे कच्चे आम को काफी नुकसान हुआ है। बारिश से फलों में कीट-रोग का प्रकोप बढ़ने की आशंका है। बागवान सुनील गुप्ता ने बताया कि तेज आधी से बागों में काफी नुकसान हुआ है। लागत भी नहीं निकलेगी। मोहसिन खान ने बताया कि उनके पेड़ों पर आए ज्यादातर बड़े आकर के आम टूट कर गिर गए, जो फल बचे हैं उनमें रोग लगेगा। फहद खान ने बताया कि हवाओं के साथ हुई बारिश ने आम को अधिक नुकसान पहुंचाया है। इससे बड़े आकर के आम टूट गिरे हैं। इस वर्ष फसल कम है और बराबर आंधी से काफी नुकसान होता आ रहा है। मिर्जा नवाज बेग ने बताया कि आंधी से पेड़ों पर लगे आम जमीन पर आ गए हैं। पेड़ जड़ से उखड़ गए। इस बार फल कम ही आएंगे।

### फसल की बैगिंग कर कीटरोग से बचाएं

- वरिष्ठ कृषि विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया इस बार आंधी से आम को काफी नुकसान पहुंचा है। पैदावार पर असर पड़ेगा। बारिश से किसी तरह का नुकसान नहीं है बल्कि फायदा है। इससे बागों में नमी आएगी। बचे फलों में कीट रोग की आशंका है। इसके नियंत्रण के लिए बागवान फलों की बैगिंग करके पैक कर दें। इससे कीटरोग, दाग-धब्बे नहीं आएंगे। फल की गुणवत्ता व चमक बढ़ेगी। गेहूं की कटाई हो चुकी है। इस समय सब्जियों की फसल है। उनमें बारिश से नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं, बीमित फसल के लिए किसान 14447 पर कॉल कर सकते हैं।

# नाले पर अतिक्रमण होने से नहीं हो पा रही सफाई

- पार्षद गीता देवी ने महापौर और नगर आयुक्त को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम जोन-5 के अंतर्गत सरोजनी नगर प्रथम वार्ड में हाइडिल चौराहे के आगे तक लोगों ने अतिक्रमण किया है, जिससे नाले की सफाई नहीं हो पा रही है।

बारिश में कालोनियों में जलभराव की समस्या बनी रहती है। वार्ड की पार्षद गीता देवी ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र लिखकर नाले से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जोनल अधिकारी विनीत सिंह से कई बार निवेदन किया जा चुका है। इसके अलावा जोनल अभियंता भी मौके पर गए थे, लेकिन तीन महीने बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए गए हैं। पार्षद ने कहा कि एक ओर नगर आयुक्त कहते हैं कि नाले पर कोई अवैध निर्माण हो तो उसको हटाकर साफ-सफाई कराई जाए, वहीं दूसरी ओर जोनल अधिकारी इस विषय पर गंभीर नहीं हैं, जिससे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है।

# एचआरएफ से नहीं मिल रही बिल की रसीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) से मरीजों को खरीदी गई दवाओं के बिल की रसीद नहीं दी जा रही है। विरोध पर प्रिंटर खराब होने का हवाला दिया जा रहा है। सोमवार को इसका कई तीमारदारों ने विरोध जताया। मरीजों को छूट पर दवाएं मुहैया कराने के लिए केजीएमयू में एचआरएफ का संचालन किया जा रहा है। यहां से 50 से 70 प्रतिशत तक सस्ती दवाएं मिलती हैं।

इंदिरानगर के रहने वाले दिनेश कुमार ने बताया की उनकी बहू तीन दिनों से शताब्दी अस्पताल में भर्ती है। डॉक्टर ने रविवार शाम चार इंजेक्शन लिखे। शताब्दी के दूसरे ताल पर स्थित एचआरएफ काउंटर पर 2200 रुपये में चार इंजेक्शन दिए गए। बिल मांगने पर प्रिंटर खराब होने का हवाला दिया गया। विरोध पर बिल नंबर देकर बाद में बिल लेने को कहा गया। आरोप है कि इसके पहले भी यहां और न्यू ओपीडी के पास के एचआरएफ काउंटर से दवा लेने पर प्रिंटर खराब होने की बात कहकर बिल नहीं दिया गया। सोमवार को अन्य तीमारदारों ने भी इसका विरोध किया। गोंडा के राम प्रकाश ने बताया वह करीब सात माह से अपनी पत्नी का इलाज करा रहे हैं। बिल देने के नाम पर हर बार टाल मटोल की जाती है। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि प्रिंटर खराब है तो ठीक कराया जाएगा। जिनके बिल नहीं बन पाए हैं सभी बिल दिए जाएंगे।

**विश्व अस्थमा दिवस आज**

**विशेषज्ञों ने कहा जागरूकता, नियमित उपचार और इनहेलर का सही उपयोग ही बचाव की कुंजी**

# वायु प्रदूषण से बढ़ रहा अस्थमा की बीमारी का खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण अस्थमा के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन केवल लगभग 50 प्रतिशत मरीजों का ही सही उपचार हो पाता है। समय पर इलाज और सही देखभाल से अस्थमा के मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं। ये जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश ने विश्व अस्थमा दिवस पर सोमवार को साझा की।

प्रो. वेद ने बताया कि अस्थमा विश्व और भारत दोनों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2024 रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में लगभग 26.2 करोड़ लोग अस्थमा से प्रभावित हैं और हर वर्ष करीब 4.55 लाख लोगों की मौत होती है। उन्होंने बताया कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अस्थमा अधिक पाया जाता है, जबकि बच्चों में यह बीमारी अधिक तेजी से फैल रही है। अनुमान है कि दुनियाभर में करीब 14 प्रतिशत बच्चे इससे प्रभावित हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और दैनिक जीवन पर भी असर पड़ता है। प्रो. आरएएस कुशवाहा ने बताया कि अस्थमा एक श्वसन रोग है, जिसमें वायुमार्ग प्रभावित होते हैं और सांस लेने में दिक्कत होती है। इसके प्रमुख लक्षणों में घरघराहट, खांसी, सीने में जकड़न और सांस फूलना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दुनिया की 30 से 40 प्रतिशत आबादी किसी न किसी एलर्जी से प्रभावित है, जो अस्थमा का प्रमुख कारण बनती है। उन्होंने कहा एलर्जिक राइनाइटिस वयस्कों में 10 से 30 प्रतिशत तथा बच्चों में 40 प्रतिशत तक को प्रभावित करता है। खाद्य एलर्जी विश्व स्तर पर 6-8 प्रतिशत बच्चों और 2-4 प्रतिशत वयस्कों में पाई जाती है।

प्रो. राजेश कुमार ने कहा कि वैश्विक अस्थमा मामलों के लगभग 13 प्रतिशत भारत में हैं, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा बोझ पड़ता है। भारत में करीब 3.4 करोड़ लोग इस बीमारी से ग्रसित हैं और वैश्विक अस्थमा से होने वाली मौतों में 46 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की है, जो समय पर निदान और उपचार की कमी को दर्शाती है।

विशेषज्ञों ने कहा कि अस्थमा प्रबंधन पर 2021 में वैश्विक स्तर पर लगभग 68,300 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वायु प्रदूषण इस समस्या का प्रमुख कारण है और इससे निपटने के लिए जागरूकता, नियमित उपचार और इनहेलर का सही उपयोग बेहद जरूरी है। इस मौके पर डॉ. सचिन कुमार, डॉ. मो आरिफ, डॉ. अनुराग, डॉ. ऋचा, डॉ. यश, डॉ. दीपक, डॉ. शुभ्रा आदि ने भी अस्थमा के प्रति लोगों को जागरूक करने और समय पर इलाज कराने की अपील की।




अस्थमा के बारे में जानकारी देते प्रो. वेद प्रकाश, प्रो. आरएएस कुशवाहा, प्रो. राजेश कुमार व अन्य।

### लक्षण

- सांस लेने में तकलीफ
- घुटन महसूस होना
- सीने में जकड़न या दर्द
- लगातार खांसी, खासकर रात या सुबह के समय
- सांस लेते समय सीटी जैसी आवाज
- जल्दी थकान महसूस होना

### बचाव

- धूल, धुआं और प्रदूषण से बचें
- नियमित रूप से डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाएं लें
- पालतू जानवरों के बाल, परागकण से दूरी बनाए रखें
- घर को साफ और हवादार रखें
- मौसम बदलने पर विशेष सावधानी बरतें।

# असंतुलित खान-पान और आरामतलबी के कारण बढ़ रहीं दिल की बीमारियां

- एओसीटी ने कार्डियोवैस्कुलर टेक्नोलॉजिस्ट कॉन्फ्रेंस कराई
- एआई सिस्टम हृदय रोगों के इलाज को देगा नई दिशा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बदलती जीवनशैली, असंतुलित खान-पान और आरामतलबी के कारण दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। आधुनिक तकनीक, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सिस्टम आने वाले समय में हृदय रोगों के इलाज को नई दिशा देंगे। ये जानकारी डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने साझा की।

डॉ. भुवन एसोसिएशन ऑफ कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट (एओसीटी) की ओर से सोमवार को कानपुर रोड स्थित होटल में आयोजित कार्डियोवैस्कुलर टेक्नोलॉजिस्ट कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एआई आधारित कार्डियक इमेजिंग और डिजिटल कैथलैब सिस्टम इलाज की गुणवत्ता और सटीकता को नई ऊंचाई देंगे। इससे डॉक्टरों के साथ-साथ टेक्नोलॉजिस्ट और नर्सिंग स्टाफ की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से करीब 400 विशेषज्ञों ने चर्चा की। ऑर्गनाइजिंग वाइस प्रेसिडेंट एवं लोहिया संस्थान के कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट प्रियरंजन पांडेय ने बताया कि एआई की मदद से दिल की धमनियों में ब्लॉकेज, रक्त प्रवाह और ऊतकों की स्थिति का बेहद सटीक आकलन संभव हो गया है। केजीएमयू लारी कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ. शरद चन्द्रा ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रम नए टेक्नोलॉजिस्ट और नर्सिंग स्टाफ के लिए सीखने का बेहतर अवसर हैं। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कपूर ने कहा कि आधुनिक कैथलैब में टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।



कार्डियोवैस्कुलर टेक्नोलॉजिस्ट कॉन्फ्रेंस में मौजूद हृदय रोग विशेषज्ञ।

## सिटी ब्रीफ

### महिला के खाते से 99 हजार उड़ाए

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाका इलाके में ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी से रिफंड दिलाने के नाम पर जालसाजों ने महिला के खाते से 99 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़िता हरप्रीत कौर ने नाका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।मोतीनगर निवासी हरप्रीत कौर के अनुसार 16 मार्च को उनका ब्लिंकिट ऑर्डर कैंसल हुआ था। 19 मार्च तक रिफंड न मिलने पर उनकी बेटी ने गूगल से मिले कस्टमर केयर नंबर पर कॉल की। कॉल रिसीव करने वाले ने व्हाट्सएप पर लिंक भेजा। लिंक क्लिक करते ही मोबाइल हैंग हो गया और जालसाज ने खाते से 99 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। दोबारा कॉल करने पर अभद्रता की गई।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर 14 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज में प्लॉट दिलाने के नाम पर साई शक्ति डेवलपर्स ने सीआरपीएफ जवान से 14 लाख रुपये ठग लिये। मूल रूप से गाजीपुर निवासी राजाराम के मुताबिक उन्होंने अपनी पत्नी के नाम पर जून 2025 में साई शक्ति डेवलपर्स के निदेशक शशिकांत तिवारी से कपेरा मदारपुर गांव में 2000 वर्गफीट का प्लॉट के लिए उन्होंने करीब 14 .49 लाख रुपये ऑनलाइन और नकद भुगतान किया। रजिस्ट्री के बाद भी उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं दिया गया। बाद में जानकारी मिली कि उक्त जमीन पहले से ही विवादित है और उस पर अन्य पक्षों का मामला न्यायालय में लंबित है। पैसा वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगे और धमकी देने लगे। पीड़ित ने इसकी शिकायत पहले गोसाईंगंज थाने में की। वहां से मामला मोहनलालगंज स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### एप डाउनलोड करा ठगे 12 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौतमपल्ली में रहने वाले अभिषेक इमैन्युएल सिंह से साइबर जालसाजों ने टाटा कैपिटल का फर्जी एप डाउनलोड कराकर 12 .02 लाख रुपये ठग लिये। अभिषेक इमैन्युएल सिंह के मुताबिक उनके वॉट्सएप पर टाटा कैपिटल के नाम से मैसेज आया। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल में शेयर मार्केट निवेश से जुड़ा ऐप डाउनलोड हो गया। अभिषेक के मुताबिक शुरुआत में उन्होंने थोड़ी रकम निवेश की थी। उस पर उन्हें मुनाफा दिखा और पैसा खाते में वापस भी आया। इसके बाद उन्होंने कई बार में कुल 12 लाख 2 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब अभिषेक ने निवेश की रकम निकालने की कोशिश की तो पैसा वापस नहीं आया। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जबरन निर्माण के विरोध पर दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर के सरवन नगर में कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद दबंगों द्वारा जमीन पर जबरन निर्माण कराने का मामला सामने आया है। मूलत: अयोध्या के कुसहरी, रिदौली निवासी और वर्तमान में सरवन नगर में रह रहे सैयद हिसामुद्दीन हुसैन ने बताया कि वह इकबाल अशरफ की भूमि के मुख्तारेआम हैं। खसरा संख्या 2250 से जुड़ी जमीन के बंटवारे का मामला उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें 4 फरवरी 2025 को स्थगन आदेश जारी हुआ था। आरोप है कि इसके बावजूद 2 मई 2026 को इंद्र बहादुर सिंह व अन्य लोग जबरन निर्माण कराने पहुंच गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे मुसीर अहमद के साथ आरोपियों ने गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और कोर्ट के आदेश को मानने से इनकार कर दिया। सूचना पर पुलिस व लेखपाल पहुंचे तो आरोपी दोबारा कब्जे की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### ससुराल वालों पर जहर खिलाने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** मूल रूप से मेरठ निवासी नीरज सिंह के अनुसार, वर्ष 2011 में उनका विवाह लखनऊ निवासी प्रीति सिंह से हुआ था। शादी के बाद से ही पत्नी इस रिश्ते से असंतुष्ट रहती थी और अक्सर विवाद करती थी। आरोप है कि पत्नी और ससुर राजेन्द्र सिंह उन पर माता–पिता के खिलाफ मुकदमा करने और संपत्ति अपने नाम कराने का दबाव बनाते थे। नीरज के मुताबिक, 15 फरवरी 2013 को ससुर उनके घर आए थे। उस दिन पत्नी द्वारा परोसा गया खाना खाने के कुछ देर बाद उन्हें चक्कर आए और वह बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई और उस समय इसे बीपी की समस्या बताया गया। पीड़ित का कहना है कि वर्ष 2019 में सूचना के अधिकार के तहत अस्पताल से मिली जानकारी में जहर दिए जाने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें साजिश का संदेह हुआ।

# बीएससी छात्र कर रहा था अफीम की तस्करी, गिरफ्तार

## 11 लाख की 2.20 किलो अफीम की बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ ने पॉलीटेक्निक चौराहे से दबोचा

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने रविवार देर रात पालीटेक्निक चौराहे के पास से बीएससी छात्र को अफीम तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। उसके पास 2.20 किलो अफीम बरामद हुआ। जिसकी की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 11 लाख रुपये बताई जा रही है। एसटीएफ गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद शहबाज उर्फ राजू पश्चिमी चंपारण (बिहार) का निवासी है। वह वर्तमान में जालंधर (पंजाब) में रह रहा था।



पकड़ा गया अफीम तस्करी का आरोपी।

आरोपी को रविवार की रात करीब 11:30 बजे पालीटेक्निक चौराहे से भूतनाथ जाने वाली मुख्य सड़क पर पकड़ा गया। बरेली से अफीम लेकर पालीटेक्निक चौराहे के पास सप्लाई करने के लिए पहुंचा था। अफीम के अलावा दो मोबाइल फोन और नकदी समेत अन्य माल बरामद हुआ है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने वर्ष 2024 में बीएससी (केमेस्ट्री) की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद नेपाल के पोखरा में सिविल कंस्ट्रक्शन का काम किया। कम आमदनी के चलते उसने तस्करी का रास्ता अपनाया। जालंधर में उसकी पहचान राहुल नामक युवक से हुई। जो मादक पदार्थों की तस्करी करता था। राहुल की मौत के बाद वह खुद इस धंधे में सक्रिय हो गया।

## मोबाइल व जेवर चोरी युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के हिंदूखेड़ा अमौसी में महिला के घर से चोर ने मोबाइल व जेवर चोरी कर लिया। राम जानकी के मुताबिक 21 अप्रैल को उसके घर पर बोरिंग का कार्य चल रहा था। रात में बोरिंग करने वाले मजदूर खाना खाने चले गए । कुछ देर बाद वापस आये और सुबह आने की बात कहकर चले गए। उसी दौरान रात करीब 12:30 बजे अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर उनका मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। सुबह उठने पर मोबाइल गायब मिला, तब पीड़िता ने इसकी सूचना ऑनलाइन माध्यम से पुलिस को दी। 27 अप्रैल को गांव में एक बारात में जाने के लिए जब उसने अपनी आलमारी खोली तो उसमें रखे सोने का माला, लगभग 200 ग्राम की पायल और करीब एक पाव की हाफ पेटी भी गायब मिली। महिला ने गांव के ही विनय उर्फ छोटू पर चोरी का शक जताया है। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में विनय घर के अंदर जाता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

# ट्रक के पीछे घुसा डाला, चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी के शहीद पथ पर अहिमामऊ के पास रविवार रात डेढ़ बजे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इस कारण पीछे से आ रहा डाला ट्रक के पीछे जा घुसा। डाला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने व अग्निशमन विभाग की टीम ने डाले को काटकर चालक को बाहर निकाला। उसे अस्पताल भेजा। जहां उसका इलाज के दौरान मौत हो गई।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक जनपद हरदोई मझेटा गांव के रहने वाले भानु प्रताप सिंह (23) सरोजिनी नगर स्थित अमौसी में अपनी ननिहाल में मामा उदयभान के घर में रहकर डाला चलाते थे। भाई अरविंद ने बताया भानु रविवार देर रात एक बजे डाला में फल लादकर अयोध्या सप्लाई के लिए जा रहा था। रास्ते में सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अहिमामऊ के पास तेज रफ्तार आगे जा रहे ट्रक चालक ने अचानक ट्रक में ब्रेक मार दिया जिससे कि डाला ट्रक में पीछे से जा घुसा। जिससे की डाला का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अंदर भानु प्रताप फंस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होने के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब भानु को अंदर डाला में भानु को फंसा देखा तो कटिंग मशीन मंगवा कर डाला को कटवा कर अंदर फंसे भानु प्रताप सिंह को 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे निकाला गया एवं एंबुलेंस बुलवाकर इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने सुबह 5 बजे घर वालों को सूचना दी। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो जानकारी हुई कि भानु प्रताप सिंह की मौत हो चुकी है। पिता कमल कुमार खेती करते हैं। मां शिमला सिंह, भाई अरविंद प्रताप सिंह हैं। ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### हादसे में घायल रिटायर्ड सैन्यकर्मी की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना के देवी खेड़ा में रविवार शाम एक तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने रिटायर्ड सैन्यकर्मी जितेंद्र नारायण सिंह (72) को टक्कर मार दी। उनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज दौरान मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। पुलिस के अनुसार आशियाना के पवनपुरी देवीखेड़ा में रहने वाले रिटायर्ड सैन्यकर्मी जितेंद्र नारायण सिंह रविवार शाम करीब 8 बजे अपने घर से मंदिर पूजा करने के लिए जा रहे थी घर के कुछ दूरी पर ही पीछे से आ रहे ई रिक्शा चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से चोटिल हो गए मौके पर मौजूद लोगों ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दे घायल वृद्ध को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख पीजीआई ट्रामा रेफर कर दिया । जिनकी इलाज दौरान देर रात मौत हो गई। परिवार में पत्नी शैल देवी और चार बेटे राजेश, राकेश, रोहित और गुड्डू है।





विश्वेश्वरैया हॉल में साइबर ठगी, क्रिप्टो करेंसी व डार्क वेब पर आयोजित कार्यशाला में जानकारी देतीं प्रशिक्षक।



साइबर अपराधियों से बचाव के तरीके सीखते पुलिसकर्मी। अमृत विचार


# पुलिसकर्मियों को साइबर ठगी से बचाव का दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विश्वेश्वरैया हॉल में साइबर ठगी, क्रिप्टो करेंसी व डार्क वेब पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार:** साइबर अपराधों के तेजी से बदलते स्वरूप को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन सोमवार को विश्वेश्वरैया हॉल में किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को साइबर फ्रॉड, ब्लॉकचेन, क्रिप्टोकरेंसी एवं डार्क वेब के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में 117 पुलिसकर्मी व अधिकारी प्रशिक्षित किये गये।

विश्वेश्वरैया हॉल में आयोजित विशेष कार्यशाला में 117 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसमें साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी, साइबर सेल, साइबर थाना और वर्ष 2023 बैच के उपनिरीक्षक शामिल रहे। प्रशिक्षण सत्र साइबर विशेषज्ञ अनुज अग्रवाल और दीप दिवाकर द्वारा संचालित किए गए।



कार्यशाला में मौजूद पुलिस अधिकारी व अन्य पुलिसकर्मी। अमृत विचार

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को साइबर स्टॉकिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, सोशल इंजीनियरिंग और ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही ब्लॉकचेन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), क्रिप्टोकरेंसी और डार्क वेब जैसे उभरते क्षेत्रों पर भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े अपराधों की जांच, डिजिटल ट्रांजैक्शन ट्रैकिंग, और तकनीकी साक्ष्यों के संग्रहण व विश्लेषण के प्रभावी तरीकों पर भी प्रशिक्षण दिया। केस स्टडी और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों में जांच की प्रक्रिया समझाई गई।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार और पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अमित कुमावत का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण से साइबर अपराधों की रोकथाम और त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी। साथ ही आमजन को भी साइबर ठगी से सुरक्षित रखने में पुलिस अधिक सक्षम हो सकेगी।

# आरक्षी समेत कई पर प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** सुंदरम ग्रीन सिटी निवासी शिवम शर्मा पुलिस विभाग में आरक्षी है। उनकी पत्नी रश्मि शर्मा ने पति, सास, ससुर, जेठ व जेठानी के खिलाफ बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि सभी लोग उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रश्मि शर्मा (डाली) के मुताबिक उसकी शादी 14 फरवरी 2025 को प्रतापगढ़ निवासी व वर्तमान में आजमगढ़ जिले के बिलरियागंज थाने में आरक्षी के पद पर तैनात शिवम शर्मा से हुई थी। विवाह में उसके परिवार ने अपनी क्षमता से अधिक खर्च करते हुए करीब 25 लाख रुपये तथा सोने-चांदी के आभूषण, घरेलू सामान और अन्य वस्तुएं दान स्वरूप दी थीं। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने दहेज में कार और एसी की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। 8 नवंबर 2025 को दहेज की मांग को लेकर आरोपियों ने जान से मारने का प्रयास किया। तब उसने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद उसका इलाज जिला अस्पताल प्रतापगढ़ में कराया गया। जहां डॉक्टरों ने भी संदिग्ध पदार्थ के सेवन की आशंका जताई। प्रतापगढ़ में सुलह का प्रयास किया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। उसके पति ने खुद की दूसरी शादी करने की बात कहते हैं और साथ रखने से मना कर रहे हैं। पीड़िता ने लखनऊ पुलिस कमिश्नर के शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय में शिकायत की। जिसके बाद अब पुलिस कमिश्नर के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती की अश्लील वीडियो बनाई, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर में नहाते समय युवती का वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। विवेक खंड निवासी युवती के अनुसार, पड़ोसी विक्रम और उसका बेटा हरकेश काफी समय से अभद्र व्यवहार कर रहे थे। आरोप है कि शनिवार सुबह करीब 10 :30 बजे उनकी बहन बाथरूम में नहा रही थीं, तभी आरोपी अपने कमरे की ओर से झांकते हुए मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। नजर पड़ते ही शोर मचाया तो आरोपी कमरे में छिप गया। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# किरायेदार ने मांगी 25 लाख की रंगदारी, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मकान खाली करने पर किरायेदार ने किया विवाद पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** तालकटोरा के राजाजीपुरम निवासी विनय सक्सेना से उनके किरायेदार ने मकान खाली करने के बदले 25 लाख रुपये की रंगदारी मांग ली। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से ग्वालियर निवासी विनय सक्सेना के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2017 में अपना राजाजीपुरम स्थित मकान रामचन्द्र उपाध्याय को किराये पर दिया था। वर्ष 2022 के बाद से किरायेदार ने न तो किराया दिया और न ही कई बार कहने के बावजूद मकान खाली किया। जब भी उन्होंने मकान खाली करने को कहा, आरोपी 25 लाख रुपये की मांग करने लगा और बिना पैसे दिए मकान वापस न करने की धमकी देता रहा।

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने न्यायालय में बेदखली का वाद दायर किया था, जिसमें 21 अक्टूबर 2024 को अदालत ने मकान खाली करने का आदेश दिया। इसके बाद 6 अप्रैल को प्रशासनिक स्तर पर पुलिस बल की मदद से कब्जा दिलाने का भी आदेश हुआ। 28 अप्रैल को पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचने पर किरायेदार घर पर ताला लगाकर फरार हो गया और पुलिस को गुमराह किया। बाद में न्यायालय परिसर में मिलने पर उसने फिर धमकी देते हुए पैसों की मांग दोहराई। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के मुताबिक मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## चाय गिरने के विवाद में युवक को पीटा एफआईआर

**अमृत विचार, आलमबाग :** आलमबाग के मधुवन नगर निवासी मनीष यादव के मुताबिक, 2 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे वह चरसी चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान बुलेट और स्प्लेंडर बाइक से आए चार युवक वहां पहुंचे। बुलेट से उतरते समय एक युवक का हाथ मनीष की चाय से टकरा गया, जिससे चाय उसके कपड़ों पर गिर गई। इस बात पर बड़ा बरहा निवासी अभिषेक मिश्रा और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप पर आरोपियों ने उन्हें भी धमकाया और फरार हो गए।

# युवक को होटल में बंधक बनाकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नाका के चारबाग रेवड़ी गली स्थित होटल में हुई घटना

**अमृत विचार:** चारबाग स्थित होटल में युवक को बंधक बनाकर पीटा गया। उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने होटल के कमरे में उनकी पिटाई की। उसके बाद बंद करके चले गए। करीब 10 घंटे बाद वापस लौटकर आए और फिर से पीटा। झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने नाका थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोंडा के करनैलगंज के चकरोत गांव निवासी सुरजीत सिंह के मुताबिक 27 अप्रैल को अपने दोस्त अतुल मिश्रा से मिलने चारबाग के





सुदामापुरी गये थे। दोपहर करीब 12 बजे सत्यम तिवारी यह कहकर अपने साथ लेकर गया कि उसके बड़े भाई ओम तिवारी बुला रहे हैं। आरोप है कि सत्यम उसे बाइक से रेवड़ी गली स्थित एक होटल में लेकर गया। जहां पहले से आनंद तिवारी, हिमांशु तिवारी मौजूद थे। कमरे में घुसते ही तीनों ने गालियां देनी शुरू की। इसके बाद लात-घूसों और लोहे के पाइप से पिटाई शुरू कर दी। जिससे उसे गंभीर चोट आई। सुरजीत के मुताबिक पिटाई के बाद आरोपी उसे कमरे में बंद कर चले गये। 10 घंटे बाद वापस आये। इसके बाद दोबारा पिटाई की। रात करीब 11.30 बजे के बाद धमकाते हुए छोड़ा। कहा कि शिकायत या पैरवी की तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने नाका थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर नाका अभिनव वर्मा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। घटना वाले दिन की सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**जालसाजी** — रुपये लेने के बाद दूसरे को बेच दी जमीन, पुलिस कर रही जांच

# जमीन का सौदा कर 52 .60 लाख रुपये हड़प लिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कृष्णानगर इलाके में रहने वाले विमल कुमार पांडेय ने एलआईसी एजेंट सतीश कुमार शुक्ला के माध्यम से खसरखारा में 4 बीघा से अधिक भूखंड का सौदा किया। इसके लिए उन्होंने 2016 से 2019 के बीच 52.60 लाख रुपये किसान के खाते में जमा कराए, लेकिन इसके बाद भी भूखंड की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। बातचीत करने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और बाद में धमकी देने लगा। पीड़ित ने एसीपी कृष्णानगर से शिकायत की, जिसके आदेश पर कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आलमबाग के मधुबन नगर निवासी विमल कुमार पांडेय के मुताबिक, उनके परिचित सतीश कुमार शुक्ला एलआईसी एजेंट का काम करते थे। उन्होंने वर्ष 2016-17 में सरोजनीनगर तहसील के खसरखारा गांव में जमीन दिलाने का झांसा दिया और करीब एक बीघा जमीन उनके नाम कराने का वादा किया। भरोसा कर पीड़ित ने वर्ष 2016 से 2019 के बीच अलग-अलग चेक और नकद के जरिए कुल 52.60 लाख रुपये दे दिए। इसमें आईसीआईसीआई बैंक और सेंट्रल बैंक के माध्यम से बड़ी रकम ट्रांसफर की गई, जबकि करीब 8 लाख रुपये नकद दिए गए। आरोप है कि बार-बार कहने के बावजूद सतीश ने जमीन का बैनामा नहीं कराया और बहाने बनाता रहा। बाद में उसने साफ इनकार करते हुए कथित रूप से जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी पर धोखाधड़ी कर पूरी रकम हड़पने और आपत्ति करने पर फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देने का आरोप है। पीड़ित ने इस संबंध में एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा से शिकायत की। जांच के बाद एसीपी के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने सतीश शुक्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है।

## जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज पर की रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूखंड की रजिस्ट्री कर ठगी करने का मामला सामने आया है। पीजीआई के तेलीबाग निवासी प्रदीप कुमार की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि जालसाजों ने साजिश के तहत गलत खसरा संख्या पर रजिस्ट्री कराकर बाद में जमीन किसी अन्य को बेच दी। प्रदीप कुमार के मुताबिक, वह प्लॉट खरीदने के लिए राजधानी इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय पहुंचे थे, जहां आशुतोष यादव ने खुद को अधिकृत प्रतिनिधि और एक राजनीतिक दल का नेता बताते हुए जमीन दिलाने का भरोसा दिया। वर्ष 2020 में उनके नाम बैनामा कराया गया, लेकिन जिस खसरा संख्या पर रजिस्ट्री हुई, उसकी बजाय दूसरी जमीन पर कब्जा दे दिया गया। करीब दो साल बाद आरोपियों ने खुद ही कब्जा गलत बताते हुए जमीन खाली कराई और उसे किसी अन्य को बेच दिया। पीड़ित का आरोप है कि आशुतोष यादव, विक्रेता जीतू उर्फ गीतू और सुजीत चौरसिया ने मिलकर फर्जीवाड़ा कर ठगी की। विरोध करने पर धमकी भी दी गई। डीसीपी दक्षिणी के आदेश पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नशीली चाय पिलाकर परिजन को किया बेसुध, युवती हुई लापता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दुबग्गा इलाके में 18 वर्षीय युवती ने परिजन को नशीला पदार्थ मिलाकर चाय पिला दी। जिसके बाद पूरा परिवार बेसुध हो गया। इसके बाद वह घर से गायब हो गई।

दुबग्गा के पुरानी बस्ती सब्जी मंडी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की शाम लगभग 5 बजे उनकी 18 वर्षीय बेटी ने परिवार के सदस्यों को चाय बनाकर पिलाई। चाय पीने के बाद घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो गए। शाम करीब 7:30 बजे जब उनकी बड़ी बेटी काम से घर लौटी, तो उसने सभी को जगाया। परिवार के सदस्य जागने पर घर के बाहर मौजूद थे, लेकिन 18 वर्षीय युवती घर में नहीं मिली। परिजन ने युवती की तलाश आसपास के इलाकों में की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी अरबाज खां उर्फ सैफ खां नामक युवक के संपर्क में थी। अरबाज मूलतः पीलीभीत के पहाड़गंज का निवासी है। वर्तमान में बालागंज स्थित सफेद मस्जिद के पास नारियल पानी बेचता है। मां का दावा है कि उसी युवक ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया है। दुबग्गा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। युवती की बरामदगी के लिए टीमें गठित की गई हैं।

# इस बार बड़ा मंगल विशेष, कई राशियों के लिए लाभकारी

## ज्येष्ठ का पहला बड़ा मंगलवार आज, फूलों और झालरों से सजाए गए प्रमुख मंदिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ महीने का पहला बड़ा मंगलवार 5 मई को है, इसके लिए शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। साफ सफाई, रंग रोगन के अलावा मंदिरों के बाहर फूल की दुकानों भी सज गई हैं। मंदिरों को विद्युतीय झालरों से सजाया गया है। प्रसाद विक्रेताओं ने विशेष रूप से लड्डू, बूंदी आदि तैयार कराए हैं। हनुमान सेतु, अलीगंज, लेटे हुए हनुमान मंदिर, चौक, पांडेयगंज, शास्त्रीनगर, सिद्धनाथ मंदिर, नादान महल रोड, हजरतगंज दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, गोमती किनारे बने पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में बैरिकेडिंग के अलावा पुलिस की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने बताया कि इस वर्ष जेष्ठ के मंगल को दुर्लभ धार्मिक संयोग बन रहा है। इसमें कई राशि के जातकों को विशेष लाभ होगा। बड़े मंगल को हनुमान की पूजा की जाती है। सुबह जल्दी उठकर स्नान करना और साफ-सुथरे वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है। इसके बाद घर या मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति या चित्र स्थापित कर पूजा करें। सिंदूर, चमेली का तेल, लाल फूल और तुलसी अर्पित करना शुभ होता है। भोग में बेसन के लडडू या गुड़-चना चढ़ाना अधिक फलदायी है। दीपक जलाकर आरती के बाद हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करें।

हनुमान को भक्त शक्ति और संकट मोचन का प्रतीक मानते हैं। भक्त इस पावन दिन हनुमान चालीसा का पाठ, हनुमान मंत्र का जाप और पूजा विधि के अनुसार भगवान की आराधना करते हैं। हनुमान की पूजा अर्चना आरती और भंडारा करने से जीवन में सुख-शांति, स्वास्थ्य और सफलता का आशीर्वाद मिलता है। महंत ने बताया यह दिन भक्ति, शक्ति और संकट मोचन का प्रतीक माना जाता है। हनुमान को राम के परम भक्त और अद्भुत शक्ति संपन्न देवता के रूप में पूजा जाता है।

इस पावन दिन पूजा और भजन-कीर्तन करने से हनुमान की कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करने से मानसिक शांति, स्वास्थ्य, शक्ति और जीवन की कठिनाइयों से मुक्ति मिलती है।




ज्येष्ठ के बड़े मंगलवार को हनुमानजी को भोग लगाने के लिए प्रसाद तैयार करते हलवाई और मूर्ति की साज सज्जा करते पुजारी।

### चोला चढ़ाएं और लगाएं लड्डू का भोग

- महंत विशाल गौड़ ने बताया कि इन दिनों लाल या केसरिया रंग को शुभ और लोग या तो हनुमान के मंदिरों में जाते हैं या अपने घरों में उनके लिए एक छोटा सा मंदिर स्थापित करें। हनुमान जी को कलयुग का जागृत और संरक्षक देवता कहा जाता है। इसके अलावा शिव, मां काली और विष्णु (श्री राम/कृष्ण) के नाम जप और भजनों की भी अपार महिमा है। पहले बड़े मंगल बजरंगबली को सिंदूर, चोला और प्रिय भोग बूंदी या लडडू अर्पित करना विशेष फलदायी है। इस दिन मंदिरों में और सार्वजनिक स्थानों पर भंडारे की परंपरा है। मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के इन मंगलवारों को हनुमान और राम का मिलन हुआ था, इसलिए इसे बुढ़वा मंगल के रूप में मनाया जाता है।

### इन राशियों को होगा लाभ

- महंत विशाल गौड़ ने बताया कि बड़े मंगलवार को ध्रुव योग बन रहा है। सूर्य, शनि, शुक्र मीन राशि में रहेंगे, ये ज्योतिषीय दृष्टि से शुभ है। तुला और मीन राशि वालों के लिए ये वर्ष सबसे भाग्यशाली और संतोषजनक रहने की संभावना है। वृषभ राशि वालों को करियर और आर्थिक स्थिरता मिलेगी, जबकि कन्या और मकर के लिए 9 ग्रह अनुकूल हैं। कर्क राशि के जातकों को भी धन लाभ होगा।

### 400 भंडारों के लिए नगर निगम में कराया गया पंजीयन

**अमृत विचार, लखनऊ:** ज्येष्ठ माह महीने में इस बार 8 मंगलवार हैं। पहला मंगलवार 5 मई को है। शहर के सभी आठ जोन में सभी आठ मंगलवार को भंडारा आयोजन के लिए 400 से अधिक कमेटियों-श्रद्धालुओं ने अनुमति ली है। पिछले वर्ष ज्येष्ठ माह के मंगलवार पर लगभग 1,000 जगह भंडारों के लिए नगर निगम में पंजीकरण कराया गया था। ऐसा माना जा रहा है कि रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ी कीमतों के कारण भंडारा आयोजकों की संख्या घटी है। उधर, जिलापूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि भंडारा आयोजन के लिए गैस सिलेंडरों की मांग की जा रही है। आवेदन किए गए हैं, इन आवेदनों पर विचार भी किया जा रहा है। आवेदकों को भंडारा आयोजन के लिए पुलिस की अनुमति और नगर निगम में भंडारा आयोजन के लिए पंजीकरण की कॉपी देना आवश्यक है।

**जोनवार भंडारे**

| जोन | संख्या | जोन | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 54 | 5 | 23 |
| 2 | 26 | 6 | 26 |
| 3 | 83 | 7 | 72 |
| 4 | 67 | 8 | 57 |



हनुमान सेतु मंदिर के बाहर फूल माला तैयार करता फूल विक्रेता। अमृत विचार

## शहर में बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ के मंगलवार 5 मई को शहर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने और भंडारों का आयोजन होने के कारण शहर के यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ये व्यवस्था 5 मई से 23 जून के बीच सभी मंगलवार को लागू रहेगी।

डीसीपी यातायात रवीना त्यागी ने बताया कि इमरजेंसी की स्थिति में ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर-9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह यातायात व्यवस्था 4 मई की रात 12 बजे से शुरू होकर समाप्ति तक लागू रहेगा।

### यहां रहेगी रोक

- सीतापुर रोड की ओर से आने वाले भारी वाहन/रोडवेज/सिटी बस आदि पुरनियॉ रेलवे क्रासिंग एवं डालीगंज रेलवे क्रासिंग से 8 नम्वर चौराहा की तरफ रोक रहेगी।
- कैसरबाग/हजरतगंज से आने वाले भारी वाहन/रोडवेज/सिटी बस आदि सुभाष चौराहे से आईटी, कपूरथला की ओर रोक रहेगी।
- कुर्सी रोड की ओर से विष्णुपुरी कालोनी व हीवेट पालीटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा से नीरा नर्सिंग होम की तरफ जाने पर रोक रहेगी।
- आईटी चौराहा से रोडवेज/सिटी बसे विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक निराला नगर से विवेकानन्द ओवरब्रिज से कपूरथला होते हुये अलीगंज की ओर रोक रहेगी।
- सहारा टावर (नगर निगम जोन-3 कार्यालय) तिराहे से अलीगंज की ओर से कपूरथला चौराहे की तरफ जाने पर रोक रहेगी।
- आईटी/निरालानगर की ओर से कामर्शियल वाहन आटो, विक्रम, चार पहिया एवं दो पहिया वाहन आदि निरालानगर तिराहे से कपूरथला चौराहा की ओर रोक रहेगी।
- छन्नी लाल चौराहा से कपूरथला की ओर रोक रहेगी।
- सॉई मंदिर अलीगंज तिराहा की ओर से कपूरथला चौराहा की ओर रोक रहेगी।
- अल्कापुरी तिराहा से कपूरथला चौराहा की ओर रोक रहेगी।
- क्लार्क अवध तिराहा से हनुमंतधाम मंदिर की तरफ रोक रहेगी।
- मोतीमहल तिराहा से हनुमंतधाम मंदिर की तरफ रोक रहेगी।
- आईटी चौराहा की तरफ से रोडवेज बस/सिटी बस/ई-रिक्शा/टैम्पो हनुमान सेतु मंदिर की तरफ रोक रहेगी।
- इक्का तांगा स्टैण्ड चौराहा से हनुमान सेतु मंदिर की तरफ रोक रहेगी।
- सुभाष/परिवर्तन चौक चौराहा से हनुमान सेतु मंदिर की तरफ रोक रहेगी।
- सेण्ट्रल एकेडमी तिराहा से भारी वाहन, कामर्शियल वाहन, रोडवेज/सिटी बस सुशीला स्मृति वाटिका (ग्रीन कॉरीडोर मार्ग) की तरफ नहीं जा सकेंगे।
- सुशीला स्मृति वाटिका से हनुमान सेतु मंदिर की तरफ रोक रहेगी।
- आरबीएल मार्ग तिराहा से हनुमान सेतु मंदिर की तरफ रोक रहेगी।

### यहां से जाएं

- वाहन डालीगंज रेलवे क्रासिंग, खदरा, पक्का पुल होकर जा सकेंगे।
- वाहन सुभाष चौराहे से क्लार्क अवध, शहीद स्मारक, डालीगंज पुल, शाहमीना, पक्कापुल से दाहिने डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज, पुरनियॉ रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज के नीचे से मड़ियॉव/चिरैयाझील, संकल्प वाटिका, निशातगंज, महानगर होते हुये जा सकेंगे।
- वाहन हीवेट पॉलीटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा, वायरलेस चौराहा, गोल मार्केट, बादशाहनगर, निशातगंज, सिकन्दरबाग होकर जा सकेगें।
- वाहन अयोध्या रोड, सेन्ट्रल बैंक तिराहा, वायरलेस चौराहा, हीवेट पालीटेक्निक से विष्णुपुरी होकर जा सकेंगे।
- वाहन सहारा टावर तिराहे से दाहिने 50 मीटर आगे तिराहे से बायें सहारा टावर के पीछे से साईं मन्दिर तिराहा से दाहिने निरालानगर ओवरब्रिज होकर जा सकेगें।
- वाहन निरालानगर तिराहा से बांये चौराहा नम्बर-08 से डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज, अल्कापुरी, पुरनिया होकर जा सकेंगे।
- वाहन वायरलेस चौराहा/सेन्ट्रल बैंक होकर जा सकेंगे।
- वाहन तिराहे से बांये प्रगति बाजार के पीछे से सहारा टावर होकर जा सकेंगे।
- वाहन अल्कापुरी ओबरब्रिज, चौराहा नंबर 8 होकर जा सकेंगे।
- वाहन क्लार्क अवध तिराहा से सुभाष चौराहा से केडी बाबू स्टेडियम तिराहा, एसबीआई तिराहा होकर जा सकेंगे।
- वाहन मोतीमहल तिराहा से एसबीआई तिराहा, केडी बाबू स्टेडियम तिराहा से सुभाष चौराहा होकर जा सकेंगे।
- वाहन डालीगंज इक्का तांगा स्टैण्ड चौराहा, डालीगंज पुल चौराहा अथवा निशातगंज होते हुये जा सकेंगे।
- वाहन डालीगंज चौराहा होकर जा सकेंगे।
- वाहन केडी सिंह बाबू स्टेडियम, हजरतगंज अथवा अथवा अशोकलाट चौराहा होकर जा सकेंगे।
- वाहन आरआर बंधा, शक्तिनगर अथवा समतामूलक चौराहा चौराहा होकर जा सकेंगे।
- वाहन निशातगंज, गोल मार्केट अथवा संकल्पवाटिका, सिकन्दरबाग चौराहा होकर जा सकेंगे।
- वाहन आरबीएल मार्ग होकर जा सकेंगे।

## सिटी ब्रीफ

### डॉ. अब्दुल जलील फरीदी कायदे मिल्लत, मसीहाए कौम का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ:** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन (अमूबा) लखनऊ की ओर से शहर में आयोजित कार्यक्रम में उर्दू के प्रख्यात लेखक मासूम मुरादाबादी की कृति डॉ. अब्दुल जलील फरीदी - क़ायदे मिल्लत, मसीहाए क़ौम का लोकार्पण किया गया। एसोसिएशन की मानद सचिव शहला हक़ ने विचार रखे। संचालन अध्यक्ष सैयद मोहम्मद शोएब ने किया। मोहम्मद ओवैस संभली ने पुस्तक का परिचय प्रस्तुत करते हुए उसमें शामिल कई लेखों के अंश पढ़े। उद्घाटन भाषण में पद्मश्री परवीन तल्हा ने दिया। डॉ. सुहैल अहमद फारूक़ी, प्रख्यात चिंतक व विचारक डॉ. मसूदुल हसन उस्मानी, मासूम मुरादाबादी, प्रो. रमेश दीक्षित, पूर्व राज्यसभा सांसद मोहम्मद अदीब ने भी डॉ. फ़रीदी को याद किया। संयोजक अनवर हबीब अलवी के अलावा डॉ. सुहैल अहमद फारूकी, पूर्व डीजीपी रिज़वान अहमद, प्रो. अतीक फारूकी, तारिक फ़ैयाज़, डॉ. शकील अहमद फारूकी, मजहर सईद रिज़वी, अहमद हुसैन, मुईनुद्दीन, मोहम्मद मुहीउद्दीन, अशअर अलीग, हिना जाफरी, डॉ. ज़ेबा सिद्दीकी, शाज़िया फारूकी, राना तैयब, इमराना अज़मत, मेराज सिद्दीकी, हकीम वसीम अहमद आज़मी, परवेज़ मलिकज़ादा, प्रो. रेशमा परवीन, डॉ. उमैर मंज़र, अमीक़ जामई, मोहम्मद आज़म खान, तारिक़ सिद्दीकी मौजूद रहे।

### योग शिक्षकों का किया अभिनंदन

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दिवस के उपलक्ष्य में एकाग्रता इंटरनेशनल फाउंडेशन की ओर से सोमवार को गोमतीनगर स्थित शीरोज कैफे में योग शिक्षकों अभिनंदन का आयोजन किया। योग शिक्षा ट्रस्ट, शांति शेड, ट्रस्टिक असिस्ट प्राइवेट लिमिटेड, रॉयल कैफ़े और एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी शामिल रहीं। फाउंडेशन के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार पांडे, एमएलसी पवन सिंह चौहान, इंडियन योग एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष कांत मिश्रा, एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह और अध्यक्षता कर रहे मुरलीधर आहूजा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अमरजीत यादव, डॉ. सत्येंद्र मिश्रा, प्रदीप पाठक, आनंद कुमार गुप्ता, अर्पण मित्तल, योगाचार्य राम कुमार मिश्रा सहित अनेक योग शिक्षकों को सम्मानित किया गया। हिमांशु पांडे, प्राची जैन, आईपीएस रवीना त्यागी, प्रो. सर्वनारायण झा, रचना मिश्रा, संजय तिवारी, सुधीर मिश्रा, कुंवर बासित अली, अली जैदी, विजय त्रिपाठी, डॉ. शक्ति कुमार पांडे आदि मौजूद रहे।

### हर ब्लॉक में बनेगा एक मॉडल तालाब

**अमृत विचार, लखनऊ:** मेरा तालाब मेरी जिम्मेदार अभियान के तहत हर विकास खंड में पहले एक-एक तालाब मॉडल बनाया जाएगा। ठीक इसी तर्ज पर 100 तालाब मॉडल बनाए जाएंगे। सभी विकास खंड से प्रस्ताव पंचायती राज विभाग को भेजे गए हैं। जिले में अभियान के तहत पंचायती राज विभाग को कूड़ा और प्लास्टिक से पटे 100 तालाबों का चयन करके मॉडल बनाना है। हर ब्लॉक से 12 से 15 तालाब चयनित किए जाने हैं। इस क्रम में पहले एक-एक तालाब मॉडल बनाया जाएगा। इसके बाद अन्य तालाब मॉडल बनाए जाएंगे। डीपीआरओ जितेंद्र कुमार गोंड ने बताया कि पहले चरण के लिए सभी विकास खंड से आठ से 10 तालाबों का प्रस्ताव आया है। इसमें एक का चयन करके कार्य कराए जाएंगे। इसी तरह अन्य तालाब मॉडल बनाएंगे।


## भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में 2027 की रणनीति पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति बैठक एवं जिला प्रशिक्षण की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी मुख्य अतिथि और प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने की, संचालन जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल ने किया।

त्र्यंबक त्रिपाठी ने कहा कि नव नियुक्त पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाएं और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। वहीं, शंकर लाल लोधी ने प्रशिक्षण की महत्ता बताते हुए कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक ताकत होते हैं। विजय कुमार मौर्य ने कहा कि संगठन द्वारा दिया गया दायित्व चुनौतीपूर्ण है, जिसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का आह्वान किया। बैठक के दौरान नेताओं ने बंगाल, असम और पांडिचेरी में पार्टी को मिली सफलता पर खुशी जताई और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए 2027 के चुनाव की तैयारियां अभी से शुरू करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कौशल किशोर, रीना चौधरी, अविनाश त्रिवेदी, अमरेश रावत सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया, जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से समर्थन दिया।




बैठक को जिला प्रभारी संबोधित करते त्र्यंबक त्रिपाठी, साथ में अन्य।

### केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में लागू होगी रेफरल नीति

**अमृत विचार, लखनऊ:** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने नई रेफरल नीति लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य जिलों से आने वाले सामान्य बीमारियों के मरीजों की संख्या को नियंत्रित करना है, ताकि अति गंभीर मरीजों को समय पर और बिना बाधा के उपचार मिल सके। ट्रॉमा सेंटर में प्रतिदिन करीब 250 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमें से 100 से अधिक को भर्ती करना पड़ता है। मरीजों की अधिक संख्या के कारण कई गंभीर मामलों में इलाज में देरी की समस्या सामने आ रही है। इस स्थिति को सुधारने के लिए प्रशासन ने स्टेमी कार्यक्रम की तर्ज पर नई व्यवस्था का खाका तैयार किया है। इसके तहत जिलों के अस्पताल प्रभारियों के साथ बैठक कर एक समन्वित प्रणाली विकसित की जाएगी। जरूरत पड़ने पर ही मरीजों को ट्रॉमा सेंटर भेजा जाएगा।

## सिटी डायरी




सीमेंट व्यापार संघ का स्थापना पर समारोह में मौजूद लोग।

### सीमेंट व्यापार संघ के स्थापना समारोह में व्यापारियों ने उठाई मांगें

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन ने सोमवार को उप्र सीमेंट व्यापार संघ का स्थापना पर समारोह का आयोजन किया। अध्यक्ष अभिषेक मंसानी, को-पार्टनर इन्फिनिटी म्यूचुअल फंड के मोहित गुप्ता के साथ आयोजन किया गया। मोहित गुप्ता, तरुण ने जानकारी साझा की। प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता ने स्वागत किया। अतिथि नीरज सिंह ने फोन पर संबोधित किया। संगठन ने सरकार और विभाग के प्रतिनिधियों के समक्ष टैक्स देयता केवल निर्माता पर करने, टीडीएस खत्म करने, व्यापारी की रकम को सुरक्षा प्रदान करने और एक निश्चित समय में उधारी न देने पर जीएसटी वापस लेने की मांग रखे। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन राम प्रकाश, डिप्टी कमिश्नर अखिलेश दुबे अजय त्रिपाठी मुन्ना, मनोज सिंह, प्रवीण खंडेलवाल, जिम्मी गर्ग, मनीष अग्रवाल, निर्मल गुप्ता मौजूद रहे।



मौलाना यासूब अब्बास और मौलाना सैफ अब्बास।

### धर्मगुरुओं ने जाना अजय राय का हाल

**अमृत विचार, लखनऊ:** शिया मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास, मरकजी चांद कमेटी फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली और आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने सोमवार को मेदांता अस्पताल पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का हाल जाना पूर्व मंत्री मुईद अहमद, निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान और अरशद आज़मी मौजूद रहे। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रेम, भाईचारे और समावेशी राजनीति की पक्षधर है, और समाज के सम्मानित स्तंभों का यह समर्थन हमारे संघर्ष को नई ऊर्जा देता है। समाज के प्रबुद्ध जनों का यह प्रेम और अपनत्व कांग्रेस की समावेशी और भाईचारे वाली राजनीति की शक्ति है।




शिविर में मौजूद नर्सिंग स्टाफ

### पीजीआई में लगा रक्तदान शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ:** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस सप्ताह के अवसर पर सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चीफ नर्सिंग ऑफिसर मंजू सिंह रहीं। शिविर में सुरेन्द्र कटियार ने प्रथम, संजय मित्तल ने द्वितीय रक्तदान किया। सभी को प्रमाण पत्र दिए गए। नर्सिंग यूनियन अध्यक्ष लता सचान, महेश गुप्ता, कमलेश वर्मा, इन्दु यादव, शालिनी, अनीता वाल्टर, संगीता सक्सेना, निर्मला समेत अन्य कई वार्डो की इंचार्ज मौजूद रहीं।



जन्मदिन पर पार्षद धर्मेंद्र कुमार सिंह के साथ कार्यालय पर उपस्थित लोग।

### धूमधाम से मनाया पार्षद का जन्मदिन

लखनऊ : न्यू हैदरगंज द्वितीय वार्ड 39 के पार्षद धर्मेंद्र कुमार सिंह का जन्मदिन उनके कार्यालय पर मनाया गया। चौक डिपो से वरिष्ठ वितरक सत्य प्रकाश दीक्षित, वार्ड अध्यक्ष राकेश जयसवाल, मंडल अध्यक्ष दीप प्रकाश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष ज्योति सिंह, राजू सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, बुद्धेश्वर विकास महासभा के अध्यक्ष राजेश शुक्ला, बुद्धेश्वर व्यापार मंडल के पिंटू गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामविलास रावत आदि उपस्थित रहे।

## अवसर

### एलडीए उपाध्यक्ष ने तत्काल लागू किया आदेश, नौ की जगह सात फीसद ही देना होगा ब्याज

# अब 10 साल की किश्तों पर ले सकेंगे अटल नगर में फ्लैट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विकास प्राधिकरण की देवपुर पारा स्थित अटल नगर योजना के फ्लैट अब 10 वर्ष की आसान किश्तों में ले सकेंगे। ब्याज भी पहले से 2 फीसद कम लगेगा। लोगों की मांग पर सोमवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने नया आदेश लागू किया है।

बताया कि योजना में 12 से लेकर 19 मंजिल के 15 टावरों में कुल 2,496 फ्लैट हैं। 30 वर्गमीटर से लेकर 54.95 वर्गमीटर के इन फ्लैटों की कीमत लगभग 9.83 लाख रुपये से शुरू होती है। अधिकांश फ्लैटों का लॉटरी से आवंटन किया जा चुका है। दूसरे चरण में 630 फ्लैटों के लिए 18 अप्रैल से 17 मई के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया है। इसमें 1 बीचके के 539 और 2 बीचके के 91 फ्लैट हैं। 15 दिन में 2,108 लोगों ने रजिस्ट्रेशन बुकलेट खरीदी है और 642 लोगों ने पंजीकरण कराया है। नई व्यवस्था के तहत 7 वर्ष की जगह 10 वर्ष की 120 आसान किश्तों में भुगतान करने का विकल्प मिलेगा। साथ ही 9 फीसद की जगह 7 फीसद वार्षिक ब्याज देय होगा। अब 1 बीचके के फ्लैट की मासिक किश्त लगभग 10,767 रुपये बनेगी, जोकि पहले की तुलना में लगभग 4 हजार रुपये कम होगी।

1 बीएचके के फ्लैट के लिए 55,658 रुपये और 2 बीएचके के फ्लैट के लिए 1,00,852 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है, जोकि आवंटन न होने की दिशा में आवेदक को वापस कर दिया जाएगा। योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, लिफ्ट, पावर बैकअप, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रीन एवं किड्स प्ले एरिया व पार्किंग आदि की सुविधा दी गई है।

### ग्रीन कॉरिडोर पर सैन्य शक्ति का प्रतीक बनेगा 'तेजस'

- **अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण के नव निर्मित ग्रीन कॉरिडोर पर स्वदेशी लड़ाकू विमान 'तेजस' का शानदार मॉडल स्थापित होगा। यह न सिर्फ शहर को नई पहचान देगा, बल्कि सैन्य शक्ति का प्रतीक बनकर युवाओं को प्रेरित करेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की पहल पर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा लाइट कॉम्बेट एयरक्रॉफ्ट 'तेजस' का मॉडल बेंगलुरु से मंगाया है। 15 फिट लंबे मॉडल में पंखों की चौड़ाई 9.5 फिट है। यह मॉडल हू-ब-हू तेजस विमान जैसा है और इसका वजन लगभग 200 किलोग्राम है। ये मॉडल जनेश्वर मिश्र पार्क में रखा है। इसे समतामूलक चौराहे के पास ग्रीन कॉरिडोर के इंट्री प्वाइंट पर स्थापित करेंगे। साथ ही रोटरी को 'तेजस चौराहा' नाम देंगे। तेजस मॉडल स्थापित करने के लिए स्थल पर फाउंडेशन और सौंदीर्यीकरण का कार्य करा रहे हैं। करीब 15 दिन में कार्य पूर्ण कराकर मॉडल जनेश्वर मिश्र पार्क से ग्रीन कॉरिडोर की रोटरी पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। ये मॉडल रक्षा क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी और सैन्य शक्ति को दर्शायेगा।



तेजस का मॉडल।

## सिटी ब्रीफ

### ग्लाइड टू ग्लोरी स्केटिंग प्रतियोगिता शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर विस्तार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय इंटर-स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता 'ग्लाइड टू ग्लोरी' का शुभारंभ हुआ। नॉर्थवेस्ट स्पोर्ट्स अकादमी के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में राजधानी के 50 से अधिक स्कूलों के करीब 500 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन सीएमएस के खिलाड़ियों का प्रदर्शन दबदबा भरा रहा। अंडर-6 से अंडर-16 आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने क्वाड और इन-लाइन श्रेणियों में अपनी गति और संतुलन का शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या रूपम सलूजा और सिविल डिफेंस के मनोज वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सुबह हुई बारिश ने धोये क्रिकेट मुकाबले

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोमवार को हुई बारिश के चलते क्रिकेट मुकाबले नहीं खेले जा सके। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) की देखरेख में सोमवार से प्रथम जसबीर सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत होनी थी। पहले दिन विभिन्न मैदानों पर सात मुकाबले खेले जाने थे। सुबह हुई बारिश के चलते मैदानों में पानी भर गया, जिसके चलते एक भी मैच नहीं खेला जा सका। आयोजकों के अनुसार इन मुकाबलों की तारीख जल्द तय की जायेगी।

### जागरूकता से कैंसर पर नियंत्रण संभव

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में सोमवार को मिशन शक्ति चरण-पांच के तहत सर्वाइकल कैंसर पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सारिका अग्रवाल ने रोग के लक्षण, समय पर जांच और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक पहचान से इस बीमारी का सफल उपचार संभव है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना, मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, डॉ. आदित्य आभा सिंह सहित शिक्षक, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### सम सेमेस्टर की परीक्षा सात मई से

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा सात मई से शुरू हो रही है। परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में 135 केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा में करीब तीन लाख तीस हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर परीक्षा केंद्र पर शुचिता बनाये रखने के लिए दो पर्यवेक्षकों की भी को भी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी। परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। यह परीक्षा छह जून तक चलेगी।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** थाना क्षेत्र के अरम्बा गांव में अंकित (22) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगडने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अरम्बा गांव निवासी अंकित ने रविवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिस पर परिजन उसे तत्काल रामसागर मिश्र सौ सैया अस्पताल, बीकेटी लेकर पहुंचे। वहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 15 वर्षों से लखनऊ में तैनात कुलसचिव को हटाने की मांग

## कर्मचारी नेताओं ने प्रमुख सचिव से मुलाकात कर बिंदुवार समस्याएं गिनाईं

- उच्च शिक्षा मंत्री को भी भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रशासनिक अराजकता, शासनादेशों की अनदेखी और कर्मचारी समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ और विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल से मुलाकात कर कुलसचिव को हटाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला और परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव ने किया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुलसचिव करीब 15 वर्षों से एक ही जिले में तैनात हैं और उनके कार्यकाल में शासन के निर्देशों व कार्यपरिषद के निर्णयों का उल्लंघन हो रहा है। कर्मचारियों ने प्रशासन के तानाशाहीपूर्ण रवैये पर भी आपत्ति जताई।

ज्ञापन में मृतक आश्रित नियुक्ति, वेतनमान, एसीपी, प्रोन्नति और विनियमितीकरण जैसी लंबित समस्याएं उठाई गईं। प्रमुख सचिव ने सभी बिंदुओं पर जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही विश्वविद्यालय में बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू करने को सकारात्मक कदम बताया गया।

कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि चार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमों के विपरीत आउटसोर्सिंग के जरिए हटा दिया गया, जिससे उनका भविष्य असुरक्षित हो गया है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में प्रोन्नति न मिलने का मुद्दा भी उठाया गया। डॉ. संजय शुक्ला ने कहा कि आउटसोर्सिंग में शासनादेशों का उल्लंघन हो रहा है, जिसकी जांच की मांग उच्च शिक्षा मंत्री से की गई है।

### फीस वृद्धि के खिलाफ छात्रों ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने फीस वृद्धि के फैसले की निंदा करते हुए आक्रोश जताया। छात्रों ने प्रदर्शन के बाद कुलपति को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सत्र 2025-26 के अपेक्षा सत्र 2026-27 में लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रति सेमेस्टर शिक्षा शुल्क बड़े स्तर पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बढ़ा दिया जाना जैसे, बी.ए ऑनर्स, बी.कॉम ऑनर्स, बी.ए एल.एल.बि, एम.एस.सी बायोटेक, एम.एस.सी बायोकेम आदि। प्रदर्शनकारी छात्रों ने बताया कि यह निर्णय बड़ी संख्या में छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित करने वाला है, इस तरह के फैसले राष्ट्र निर्माण के लिए गति अवरोधक साबित हो सकता है। छात्रों ने कुलपति के समक्ष मांगे रखी कि बिना किसी संशोधन के सत्र 2025-26 की सेमेस्टर फीस प्रणाली से ही इस नए सत्र में भी नए छात्रों का प्रवेश संपन्न करे। विगत दिनों फीस वृद्धि के ख़िलाफ़ प्रदर्शन कर रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों पर किए गए मुक़दमे एवं कुलानुशासनात्मक कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से खत्म करें। यदि दोनों मांगे 6 दिनों में नहीं मानी गई तो छात्र आंदोलन को बाध्य होंगे। विरोध प्रदर्शन के आयोजक समाजवादी छात्र सभा के इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि "लखनऊ विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश का सरकारी संस्थान है जिससे बड़े पैमाने में गरीब, किसान एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चो और उनके समूचे परिवार का भविष्य आश्रित होता है, इस प्रकार फीस वृद्धि जैसा कठोर कदम उन भारत के भविष्यो को काल कोठरी में कैद करने जैसे है। इस दौरान मुख्य रूप से लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव बाबु, इकाई महासचिव रजत अग्रहरि, इकाई उपाध्यक्ष शिवपूजन पांडे, इकाई प्रवक्ता सतीश गुप्ता, छात्र नेता हर्षित द्विवेदी, अजितेन्द्र आजाद, जतिन यादव, रोहित, अक्षय वर्मा, अक्षत पांडे, आलोक यादव, अनादि तिवारी, अभिनव, असद, अधम, शंकर, निकेतन, आर्यन, मनीष, आशीष, अभिषेक, प्रशांत, विशाल पटेल, सौरभ गुप्ता, कमल, अमन यादव, उत्कर्ष यादव, सादाब, सुयश, आदित्य, हार्दिक, प्रभात, शीतांशु, सत्यम, उत्सव, देवेश शुक्ला, गोलू, विवेक जैसवाल, अभिजीत, सचिन, आनंद, धनंजय, विवेक मद्धेशिया एवं अन्य सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# महिजीत और आरव ने वरीय खिलाड़ियों को किया बाहर

- आईटीएफ जूनियर जे 30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट
- मुख्य ड्रॉ के पहले दिन ही देखने को मिले उलटफेर भरे मुकाबले
- ओम पटेल, तेजस रवि व लेथेश एस. कोंबिले संघर्षपूर्ण जीत के साथ अंतिम 16 में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



दमदार खेल दिखाते हुए महिजीत प्रधान ने किया उलटफेर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आईटीएफ जूनियर जे 30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ के पहले दिन रोमांचक और उलटफेर भरे मुकाबले देखने को मिले। भारत के महिजीत प्रधान और आरव ढेकियाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वरीय खिलाड़ियों को हराकर सभी को चौंका दिया। गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में महिजीत ने तीसरी वरीय शरण सोमासी को 4-6, 6-2, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं आरव ढेकियाल ने छठी वरीय आरव चावला को 3-6, 7-6(5), 5-4 (रिटायर) से शिकस्त दी।


अन्य मुकाबलों में शीर्ष वरीय ओम पटेल ने सार्थक अशोक गायकवाड़ को 4-6, 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। चौथी वरीय तेजस रवि ने परंजय सिवाच को 7-6(8), 6-7(1), 7-5 से हराया। लेथेश एस. कोंबिले ने गौतम शनमुगसुंदरम को 6-4, 1-6, 6-2 से मात दी। वरद उंद्रे ने अयान शेट्टी को 6-4, 7-5 से हराया, जबकि अद्वित तिवारी ने अभिवाद्य मिश्रा को 7-5, 6-1 से पराजित किया। आठवीं वरीय प्रदन्येश शेलके और दूसरी वरीय विवान ने भी अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि केएस प्रताप (आईपीएस) ने किया। आयोजन सचिव समित केसरी ने अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत किया।

# लखनऊ में आरसीबी की हुई धमाकेदार एंट्री

- कोहली-पडिक्कल की फॉर्म से एलएसजी पर बढ़ा दबाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी लखनऊ पहुंचने लगे हैं। टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, युवा स्टार देवदत्त पडिक्कल और मुख्य कोच एंडी फ्लावर सोमवार शाम शहर पहुंचे। बाकी खिलाड़ियों के देर रात तक पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक टीम मंगलवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास करेगी।



वहीं 7 मई को होने वाले मुकाबले के लिए मेजबान लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी मंगलवार शाम तक पहुंचेंगे और बुधवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगे। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज आरसीबी का प्रदर्शन इस सीजन शानदार रहा है। कोहली ने 9 मैचों में 379 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी की अगुवाई की है, जबकि पडिक्कल (282 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (257 रन) ने भी अहम योगदान दिया है।

गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार 9 मैचों में 17 विकेट लेकर टीम के सबसे सफल गेंदबाज बने हुए हैं। 15 अप्रैल को दोनों टीमों के बीच हुए मुकाबले में आरसीबी ने एलएसजी को 5 विकेट से हराया था, जिसमें कोहली ने 49 रन की पारी खेली थी। ऐसे में लखनऊ में होने वाले इस मुकाबले में एक बार फिर उनसे बड़ी पारी की उम्मीद की जा रही है।

# स्कूलों के आसपास ट्रैफिक अव्यवस्था पर हाईकोर्ट सख्त

- अधिकारियों व स्कूल प्रबंधन की उदासीनता पर जताई नाराजगी

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्कूलों के आसपास ट्रैफिक अव्यवस्था के मामले पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नाराजगी जताते हुए, कहा है कि समस्या के समाधान को लेकर न तो पर्याप्त गंभीरता दिखाई गई और न ही पहले दिए गए निर्देशों का प्रभावी पालन हुआ। दरअसल राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि सरकार के जिम्मेदार अफसरों व स्कूल प्रबंधनों ने कोर्ट के निर्देश पर हुई, पिछली बैठक को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि बैठक में सरकार के सक्षम अधिकारियों ने भाग ही नहीं लिया तथा स्कूलों ने भी वही रवैया अपनाया और उसके ऐसे प्रतिनिधि बैठक में पहुंचे जो निर्णय लेने की स्थिति में ही नहीं थे। इस पर न्यायालय ने ट्रैफिक प्रबंधन के



लिए व्यापक दिशानिर्देश तैयार किए जाने का समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 मई की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजिडेंट्स द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता सुदीप कुमार ने बताया कि कोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में अप्रैल 2026 में विभिन्न स्कूलों के साथ बैठक आयोजित की गई थी, ताकि उनकी समस्याएं सुनी जा सकें और ट्रैफिक विभाग के निर्देशों, विशेषकर मार्शलों की तैनाती, पर चर्चा हो सके। उन्होंने कोर्ट को सरकारी अफसरों व स्कूल प्रबंधकों के लापरवाहीपूर्ण व्यवहार से अवगत कराया। हालांकि उन्होंने न्यायालय से अगली बैठक के लिए एक और अवसर की मांग की। वहीं सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षित किए गए मार्शलों की ज्यादातर स्कूलों में समुचित तैनाती नहीं की गई है, जिससे ट्रैफिक की स्थिति जस की तस बनी हुई है। न्यायालय ने कहा कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद हालात में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ, जिससे आवश्यक पहल का स्पष्ट अभाव दिख रहा है।

# बजट में फंसी कृषि फार्मों की ऊसर भूमि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2026-27 में आठ सरकारी कृषि प्रक्षेत्र यानी फार्मों में शुरू हुई ऊसर भूमि सुधार योजना बजट के अभाव में अधर में लटक गई है। अप्रैल से परियोजनाओं पर कराए गए 50 फीसद कार्यों का भूमि संरक्षण विभाग को बजट नहीं मिला है और जून अंत तक 1100 हेक्टेयर भूमि सुधार कर परियोजनाएं पूर्ण करनी हैं।

जिले में राजकीय प्रक्षेत्र डेहवा, राजकीय प्रक्षेत्र रहीमाबाद अंतर्गत तिलन प्रथम, तिलन द्वितीय, माझगांव व रहटा, राजकीय प्रक्षेत्र कटियार अंतर्गत पवांया, गहदो व सुमेरपुर कृषि फार्मों की 1100 हेक्टेयर ऊसर भूमि सुधारकर बीज उत्पादन बढ़ाने की दिसंबर 2025 में योजना आई थी। इनमें कार्यों का 4.50 करोड़ रुपये बजट मार्च में आवंटित हुआ था। लेकिन, समय कम होने के कारण कार्ययोजना तैयार नहीं हो पाई थी और वर्ष समाप्ति पर बजट वापस हो गया था। इधर, नये वर्ष के अप्रैल में भूमि संरक्षण विभाग ने परियोजनाओं पर काम शुरू करके 50 फीसद तक कार्य पूर्ण कर लिए लेकिन, बजट नहीं मिला। इससे आगे के कार्य ठप हो गए। भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार ने बताया कि परियोजनाओं पर कार्य चल रहे हैं। बजट आते ही भुगतान हो जाएगा और समय पर परियोजनाएं पूर्ण कर लेंगे। ऊसर भूमि सुधार से बीजों का उत्पादन बढ़ेगा। इससे किसानों को फायदा होगा।

**इन फार्मों में इतनी ऊसर भूमि**

- डेहवा 15.48 हेक्टेयर
- तिलन प्रथम 230.29 हेक्टेयर
- तिलन द्वितीय 151.90 हेक्टेयर
- माझगांव 102 हेक्टेयर
- रहटा 32.49 हेक्टेयर
- पवांया 109.68 हेक्टेयर
- गहदो 156.33 हेक्टेयर
- सुमेरपुर 96.73 हेक्टेयर


मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन देते पर्वतीय महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

# लखनऊ-हल्द्वानी प्रस्तावित गोमती एक्सप्रेसवे के जल्द निर्माण की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय पर्वतीय समाज के हितों एवं समग्र विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारतीय पर्वतीय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विकास, सांस्कृतिक संरक्षण एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़े अहम विषयों पर चर्चा करते हुए विभिन्न मांगों से संबंधित पत्र एवं ज्ञापन सौंपे।

प्रतिनिधिमंडल ने आगामी पंचम वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। यह आयोजन पर्वतीय संस्कृति, लोक कला और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुपम सिंह भंडारी ने लखनऊ-हल्द्वानी प्रस्तावित गोमती एक्सप्रेसवे के जल्दी निर्माण के लिए आवेदन दिया। इस लगभग 300 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे से यात्रा समय में कमी आएगी और पर्यटन, व्यापार व क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। साथ ही नंदग्राम (गाजियाबाद) स्थित उत्तराखंड भवन के संचालन एवं प्रबंधन को लेकर भी ज्ञापन दिया, जिसमें संयुक्त प्रबंधन समिति के गठन एवं पारदर्शी बुकिंग व्यवस्था की मांग की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने सभी प्रस्तावों को जनहित एवं पर्वतीय समाज के उत्थान से जुड़ा बताते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई का अनुरोध किया। इस अवसर पर पान सिंह भंडारी, दया कृष्ण डालाकोटी, दिनेश उप्रेती सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद माल रोड पर शनिवार रात लगभग दस बजे अज्ञात वाहन टक्कर से सुनील कुमार (28) गंभीर रुप से घायल हो गये। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। रहीमाबाद के बलदेव खेड़ा गांव निवासी गंगा प्रसाद में बताया कि उनका बेटा शनिवार रात पैदल खेत से वापस आ रहा था। सड़क पार करते समय माल रोड पर अज्ञात ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसको इलाज के लिए उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसने दम तोड़ दिया।

# शादी के नाम पर की ठगी

- पत्नी समेत आठ पर चिनहट थाने में पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट निवासी युवक से शादी किया। इसके बाद साजिश रचते हुए जेवर व नकदी हड़पकर फरार हो गये। पीड़ित ने थाने में शिकायत की, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर पत्नी समेत आठ लोगों के खिलाफ चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यू नंदी बिहार कॉलोनी निवासी अधिवक्ता विनय कुमार प्रजापति के मुताबिक वर्ष 2021 में उनकी शादी प्रीती से हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी का व्यवहार संदिग्ध था। वह परिवार में विवाद करती रहती थी। बाद में पता चला कि पत्नी पहले से विवाहित थी। जिसकी जानकारी विवाह के समय छिपाई गई। 18 फरवरी 2026 को पत्नी ने वीडियो कॉल कर इंदिरा डैम में कूदने की धमकी दी और घर से निकल गई। तलाश के दौरान सीसीटीवी फुटेज में वह एक युवक के साथ बाइक पर जाती हुई दिखाई दी। बाद में वह एक महिला के साथ पुलिस चौकी पर मिली। आरोप है कि पत्नी ने अपने परिवार और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर संगठित गिरोह की तरह काम करते हुए घर से करीब 4.92 लाख रुपये के जेवर और दो लाख रुपये नकद धीरे-धीरे गायब कर दिए। सभी लोग मिलकर शादी कर ठगी करने का काम करते हैं। बाद में सामान लेकर फरार हो जाते हैं। आरोपियों ने उसे और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही फर्जी मामले में फंसाकर जेल भेजने की बात कही। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

बैठक

दिशा की बैठक में राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने दिए निर्देश

# डूडा द्वारा एक वर्ष में बनवाई गई सड़कों की थर्ड पार्टी से कराएं जांच : शर्मा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में डूडा द्वारा एक वर्ष में निर्मित सड़कों की थर्ड पार्टी एजेंसी से जांच कराने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पता चल सके और अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा कानपुर-लखनऊ एलीवेटेड रोड एयरपोर्ट के पास शुरू होता है वहां कुछ हिस्से पर मुंबई की "म्यूजिकल रोड" की भांति म्यूजिकल रोड विकसित करने के लिए प्रस्ताव मांगा।

राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने सोमवार को विकास भवन के लोहिया सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। बताया कि नवीन शासनादेश के अनुसार बटाई पर खेती करने वाले किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हो सकते है। भू-स्वामी को प्रमाणित करना होगा। कृषि विभाग को किसान पाठशाला की फोटो सहित सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

सीडीओ अजय जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत माइक्रो इरिगेशन योजना में 610 के लक्ष्य के सापेक्ष 608 कार्य पूर्ण किए गए हैं। इसी तरह मनरेगा, पशुपालन, ग्रामीण आवास, पंचायती राज समेत सभी विभाग की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा में निर्देश दिए कि आरटीई के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश देने के बावजूद प्रबंधन द्वारा मना किया जाता है तो ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। आरटीई के तहत चयनित सभी बच्चों को प्रवेश दिलाएं।



विकास भवन के लोहिया सभागार में दिशा की बैठक करते राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा।

नगर विकास विभाग के अंतर्गत अमृत 2.0 एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। कई परियोजनाओं में 40 से 85 फीसद तक भौतिक प्रगति दर्ज की गई है। शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अवगत कराया कि नगर निगम जोन 8 में जल निगम द्वारा एक सीवर लाइन बिछाई गई थी लेकिन, पुरानी सीवर लाइन से कनेक्ट नहीं की गई। अधिशासी अभियंता जल निगम ने शीघ्र कनेक्ट करने की बात कही। जनप्रतिनिधियों ने जल निगम व अन्य विभाग द्वारा यूटिलिटी शिफ्टिंग या अन्य कार्य के लिए सड़क खोदने के बाद रिस्टोरेशन न करने की शिकायत की। अध्यक्ष ने जिलाधिकारी विशाख जी को प्रस्ताव शासन स्तर पर प्रेषित करने के निर्देश दिए।

**हटेगा अतिक्रमण**

- शहर में यातायात प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस विभाग और नगर निगम को संयुक्त रूप से अतिक्रमण पर कार्रवाई करेगा। बैठक में विशेष रूप से मौलवीगंज से नखास रोड, खाला बाजार तथा ऐशबाग से कोयला मंडी मार्ग पर जाम की समस्या पर चिंता जताई। संबंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करके तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा चंद्रिका देवी मंदिर क्षेत्र में अक्षय वाट के पास क्षतिग्रस्त रोड कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए।